www.prepp.in

**Series : WXYZ/S** **SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **66/S/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं। | (I) | Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। | (II) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। | (III) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** | (IV) | **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। # | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# व्यावसायिक अध्ययन
# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

www.prepp.in

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***34*** *प्रश्न हैं।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं।*

*(iii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए।*

*(iv)* ***3*** *अंकों के प्रश्नों के उत्तर 50 से 75 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(v)* ***4*** *अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vi)* ***6*** *अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए।*

*प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***20*** *तक बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) हैं, जिनमें प्रत्येक* ***1*** *अंक का है।* *20×1=20*

**1.** 'जीईओ बिल्डर्स' को अपनी आवासीय परियोजना को दिसंबर 2024 तक पूरा करना है और फ्लैट्स उसके क्रेताओं को सौंपने हैं। मई एवं जून 2024 के महीने में अत्यधिक गर्मी के कारण, कार्य धीमा पड़ गया और परियोजना में देरी हो गई। फर्म ने परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए, एक ठेकेदार के माध्यम से और अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया और सभी कर्मचारियों को अतिरिक्त कार्य करने के लिए कहा। प्रबंधन द्वारा लिए गए उपर्युक्त उपायों से, परियोजना समय पर पूर्ण हो गई लेकिन फ्लैट्स को बनाने की लागत 10% बढ़ गई।

सही विकल्प पहचानिए।

'जीईओ बिल्डर्स' थे :

(A) कुशल लेकिन प्रभावपूर्ण नहीं

(B) प्रभावपूर्ण लेकिन कुशल नहीं

(C) न तो प्रभावपूर्ण, न ही कुशल

(D) प्रभावपूर्ण एवं साथ ही कुशल

**2.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) तथा कारण (R)।

*अभिकथन (A) :* अनौपचारिक संगठन का एक निश्चित ढाँचा या स्वरूप है।

*कारण (R) :* अनौपचारिक संगठन सदस्यों के बीच सामाजिक संबंधों का एक जटिल तंत्र है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है।

www.prepp.in

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *Answers should be brief and to the point.*

*(iv)* *Answers to questions carrying **3** marks may be from 50 to 75 words.*

*(v)* *Answers to questions carrying **4** marks may be in about 150 words.*

*(vi)* *Answers to questions carrying **6** marks may be in about 200 words.*

*(vii)* *Attempt all parts of a question together.*

*Questions no. **1** to **20** are Multiple Choice Questions (MCQs), carrying **1** mark each.* *20×1=20*

**1.** 'GEO Builders' were to complete a housing project by December 2024 and hand over the flats to the buyers. Due to excessive heat in the month of May and June 2024, the work slowed down and the project was getting delayed. The firm, in order to complete the project on time, hired more workers through a contractor and asked all the workers to work overtime. Due to the above measures taken by the management, the project was completed on time but the cost of building the flats increased by 10%.

Identify the correct option.

'GEO Builders' were :

(A) Efficient but not effective
(B) Effective but not efficient
(C) Neither effective nor efficient
(D) Effective as well as efficient

**2.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R).

*Assertion (A)* : Informal organisation has a definite structure or form.

*Reason (R)* : Informal organisation is a complex network of social relationships among members.

Choose the correct alternative from the options given below :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).
(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).
(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.
(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

3. 'विनिवेश तथा पुनर्निवेश की प्रक्रिया से बचतों को उनके सर्वाधिक उत्पादक निवेश मार्गों में लगाया जाता है।'

शेयर बाज़ार का कार्य जिस पर उपर्युक्त में प्रकाश डाला गया है, वह है :

(A) ईक्विटी संस्कृति का प्रसार

(B) विद्यमान प्रतिभूतियों को द्रवता एवं विपणनीयता प्रदान करना

(C) आर्थिक प्रगति हेतु भागीदारी

(D) सट्टेबाजी के लिए अवसर उपलब्ध कराना

4. लक्षित बाज़ार की आवश्यकताओं और इच्छाओं की पहचान और यह समझने के बाद कि अभिभावक अपने बच्चों के लिए तेज़ी से पर्यावरण-अनुकूल एवं सुरक्षित खिलौनों की तलाश कर रहे हैं, एक खिलौना निर्माता कंपनी 'दीपक टॉयज लिमिटेड' ने निर्णय लिया कि वह अपने खिलौनों के लिए पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का उपयोग करेंगे। कंपनी ने यह भी आश्वस्त किया कि उनकी निर्माणी प्रक्रिया से पर्यावरण को कोई हानि नहीं होगी।

विपणन प्रबंधन अवधारणा जिसने 'दीपक टॉयज लिमिटेड' के प्रयासों का मार्गदर्शन किया, वह है :

(A) विक्रय अवधारणा

(B) उत्पाद अवधारणा

(C) विपणन अवधारणा

(D) सामाजिक विपणन अवधारणा

5. 'केएम क्रीएशन्स', एक अग्रणी फैशन ब्राण्ड है और नए बाज़ारों में अपने व्यवसाय का विस्तार कर रहा है। लेकिन, हाल ही में मुद्रास्फीति की दरों तथा लोगों की प्रयोज्य आय में परिवर्तनों के कारण कंपनी चुनौतियों का सामना कर रही है। इन तत्त्वों ने कंपनी की मूल्य-निर्धारण रणनीति तथा लाभप्रदता को प्रभावित करना आरंभ कर दिया है। 'केएम क्रीएशन्स' अब बहुत बारीकी से इन परिवर्तनों की निगरानी कर रही है ताकि अपने प्रचालनों पर इसके प्रभाव को न्यूनतम कर सके।

उपर्युक्त अनुच्छेद में व्यावसायिक पर्यावरण के जिस घटक को प्रकाश में लाया गया है, वह है :

(A) राजनीतिक पर्यावरण

(B) तकनीकी पर्यावरण

(C) आर्थिक पर्यावरण

(D) सामाजिक पर्यावरण

www.prepp.in

**3.** 'Through the process of disinvestment and reinvestment, savings get channelized into their most productive investment avenues.'

The function of the stock exchange highlighted above is :

(A) Spreading of equity cult

(B) Providing liquidity and marketability to existing securities

(C) Contributing to economic growth

(D) Providing scope for speculation

**4.** After identifying the needs and wants of the target market and understanding that parents were increasingly looking for eco-friendly and safe toys for their children, a toy manufacturing company 'Deepak Toys Ltd.' decides to use eco-friendly materials for their toys. The company also ensures that their manufacturing process will not harm the environment.

The marketing management philosophy that guided the efforts of 'Deepak Toys Ltd.' is :

(A) Selling concept

(B) Product concept

(C) Marketing concept

(D) Societal marketing concept

**5.** 'KM Creations', a leading fashion brand, has been expanding its business into new markets. However, recently the company is facing challenges due to changes in inflation rates and disposable income of people. These factors have started affecting the company's pricing strategy and profitability. 'KM Creations' is now closely monitoring these changes to minimise their impact on its operations.

The component of business environment highlighted in the above para is :

(A) Political Environment

(B) Technological Environment

(C) Economic Environment

(D) Social Environment

**6.** नीचे दिए गए चित्र से कारखाने के नोटिस बोर्ड पर दिखाए गए योजना के प्रकार को पहचानिए :



**नोटिस बोर्ड**

**खाना या पीना मना है**




(A) विधि (B) नीति

(C) रणनीति/व्यूहरचना (D) नियम

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **6** के स्थान पर है।*

'यह उन तरीकों या व्यवहारों को निर्धारित करती है जिसमें उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए एक कार्य को निष्पादित किया जाता है।'

उपर्युक्त में चर्चित योजना का प्रकार है :

(A) विधि (B) प्रक्रिया

(C) कार्यक्रम (D) नियम

**7.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) तथा कारण (R)।

*अभिकथन (A) :* विकास कंपनियों में लाभांश उन कंपनियों से कम होता है जो कंपनियाँ विकसित नहीं हो पाई हैं।

*कारण (R) :* वे कंपनियाँ जिनमें अच्छे विकास के सुअवसर हैं वे अपने उपार्जन में से अधिक राशि प्रतिधारित करते हैं ताकि आवश्यकतानुसार कंपनी में निवेश किया जा सके।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है।

www.prepp.in

6. Identify the type of plan shown on the Notice Board of the factory, from the picture given below :



**NOTICE BOARD**

**No Food or Drink Allowed**



(A) Method (B) Policy

(C) Strategy (D) Rule

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Q. No.* ***6****.*

'It prescribes the ways or manner in which a task has to be performed considering the objective.'

The type of plan discussed above is :

(A) Method (B) Procedure

(C) Programme (D) Rule

7. Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R).

*Assertion (A)* : The dividend in growth companies is smaller than that in the non-growth companies.

*Reason (R)* : Companies having good growth opportunities retain more money out of their earnings so as to finance the required investment.

Choose the correct alternative from the options given below :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** इच्छित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु, संगठन प्रक्रिया में कुछ चरणों की श्रृंखला को ध्यान में रखना आवश्यक है।

निम्नलिखित में से प्रबंध के संगठन कार्य के चरणों के सही क्रम को पहचानिए :

(A) विभागीकरण, कार्य की पहचान तथा विभाजन, कर्तव्यों का निर्धारण, वृत्तांत (रिपोर्टिंग) संबंध स्थापन।

(B) विभागीकरण, कर्तव्यों का निर्धारण, कार्य की पहचान तथा विभाजन, वृत्तांत (रिपोर्टिंग) संबंध स्थापन।

(C) कार्य की पहचान तथा विभाजन, विभागीकरण, कर्तव्यों का निर्धारण, वृत्तांत (रिपोर्टिंग) संबंध स्थापन।

(D) कार्य की पहचान तथा विभाजन, विभागीकरण, वृत्तांत (रिपोर्टिंग) संबंध स्थापन, कर्तव्यों का निर्धारण।

**9.** विपणन मिश्र के एक तत्त्व के रूप में 'उत्पाद' के संबंध में ***ग़लत*** कथन की पहचान कीजिए :

(A) एक क्रेता किसी वस्तु अथवा सेवा का क्रय इसलिए करता है क्योंकि यह उसके लिए उपयोगी है अथवा उसे कुछ लाभ पहुँचाता है।

(B) उत्पाद अनेक उपयोगिताओं का समूह है जिसका क्रय उसकी कुछ आवश्यकताओं की संतुष्टि की क्षमता के कारण किया जाता है।

(C) एक ग्राहक वस्तु के क्रय से कार्यात्मक, संवर्धनात्मक तथा तकनीकी लाभों की संतुष्टि करना चाहता है।

(D) उपभोक्ता के दृष्टिकोण से उत्पाद का संबंध केवल भौतिक उत्पाद से नहीं होता, अपितु उसके द्वारा प्रदान किए गए लाभों से भी होता है।

**10.** 'ग्रीन टेक सोल्यूशन्स', जो एक नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी है, ने चालू वित्तीय वर्ष में इसकी उत्पादन लागत को 15% कम करने का लक्ष्य रखा। कुछ महीनों के बाद, प्रबंधन ने प्रगति की समीक्षा की और पाया कि लागत कम करने के लिए कार्यान्वित किए गए उपाय उतने प्रभावपूर्ण नहीं हैं जितने नियोजित किए गए थे। प्रगति की समीक्षा करके 'ग्रीन टेक सोल्यूशन्स' ने नियंत्रण प्रक्रिया के चरणों में से एक चरण को पूरा किया है।

निम्नलिखित में से नियंत्रण प्रक्रिया के चरण को पहचानिए :

(A) निष्पादन मानकों का निर्धारण

(B) वास्तविक निष्पादन की मानकों से तुलना

(C) विचलन विश्लेषण

(D) सुधारात्मक कार्यवाही करना

8. Organising involves a series of steps that need to be taken in order to achieve the desired goal.

Identify the correct sequence of steps of organising function of management from the following :

(A) Departmentalisation, Identification and Division of work, Assignment of duties, Establishing reporting relationships.

(B) Departmentalisation, Assignment of duties, Identification and Division of work, Establishing reporting relationships.

(C) Identification and Division of work, Departmentalisation, Assignment of duties, Establishing reporting relationships.

(D) Identification and Division of work, Departmentalisation, Establishing reporting relationships, Assignment of duties.

9. Identify the ***incorrect*** statement with respect to 'Product' as an element of Marketing Mix :

(A) A buyer buys a product or service for what it does or the benefit it provides.

(B) A product is a bundle of utilities, which is purchased because of its capability to provide satisfaction of a certain need.

(C) A customer may seek to satisfy functional, promotional and technological benefits from the purchase of a product.

(D) Product relates to not only the physical product, but also the benefits offered by it from the customer's view point.

10. 'Green Tech Solutions', a renewable energy company, set a target of reducing its production cost by 15% in the current financial year. After a few months, the management reviews the progress and finds that the cost reduction measures implemented have not been as effective as planned. By reviewing the progress 'Green Tech Solutions' has completed one of the steps of controlling process.

Identify the step of controlling process from the following :

(A) Setting performance standards

(B) Comparing actual performance with standards

(C) Analysing deviations

(D) Taking corrective actions

**11.** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

*कथन I :* नियुक्तिकरण संगठनात्मक प्रदर्शन की अत्यंत आधारभूत तथा आलोचनात्मक प्रवृत्ति है और तीव्र तकनीकी विकास के कारण इस कार्य का महत्त्व और अधिक बढ़ गया है।

*कथन II :* मानव-शक्ति आवश्यकताओं की समझ केवल यह जानना है कि संगठन में कितने व्यक्तियों की आवश्यकता है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है तथा कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है तथा कथन II सत्य है।

(C) कथन I तथा कथन II दोनों सत्य हैं।

(D) कथन I तथा कथन II दोनों असत्य हैं।

**12.** "कम्प्यूटर के विकास के साथ, अधिक से अधिक कंपनियाँ व्यवसाय के संबंध में महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले उपभोक्ताओं के विचार एवं राय को जानने के लिए इंटरनेट पर संवादात्मक साइट्स का उपयोग कर रही हैं।"

उपर्युक्त पंक्तियों में विपणन के जिस कार्य पर प्रकाश डाला गया है, उसे पहचानिए।

(A) विपणन नियोजन

(B) उत्पाद का रूपांकन एवं विकास

(C) ब्रांडिंग

(D) बाज़ार-संबंधी सूचना एकत्रित करना तथा उसका विश्लेषण करना

**13.** इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रतिभूतियों को रखने की प्रक्रिया जानी जाती है :

(A) विभौतिकीकरण (B) पुनर्भौतिकीकरण

(C) निक्षेपागार (D) पूँजीकरण

**14.** बिस्फेनोल ए पानी की प्लास्टिक बोतलों को बनाने में प्रयुक्त किया जाने वाला सबसे हानिकारक रसायनों में से एक है। जब एक लम्बी अवधि के लिए इन बोतलों में पानी भरकर रखा जाता है, तो इसका स्तर बढ़ जाता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए, केतन ने छः शीशे (काँच) की पानी की बोतलों का आदेश दिया और निर्णय लिया कि वह भविष्य में प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग नहीं करेगा। पार्सल प्राप्त करने पर, उसने पाया कि दो बोतलें टूटी हुई थीं क्योंकि कंटेनर या रैपर बोतलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त नहीं था।

विक्रेता द्वारा उत्पाद-संबंधी जिस निर्णय की उपेक्षा की गई, वह था :

(A) ब्रांडिंग (B) पैकेजिंग

(C) लेबलिंग (D) (B) तथा (C) दोनों

11. Read the following statements carefully :

*Statement I* : Staffing is the most fundamental and critical drive of organisational performance and this function has assumed greater importance because of rapid advancement of technology.

*Statement II* : Understanding manpower requirements is, only to know the number of persons needed in the organisation.

In the light of the statements given, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statement I and Statement II are true.

(D) Both Statement I and Statement II are false.

12. "With the growth of computers, more and more companies are using interactive sites on the Internet, to gather customer views and opinions, before taking important business decisions."

Identify the marketing function highlighted in the above lines.

(A) Marketing planning

(B) Product designing and development

(C) Branding

(D) Gathering and Analysing Market Information

13. The process of holding securities in an electronic form is known as :

(A) Dematerialisation (B) Rematerialisation

(C) Depository (D) Capitalisation

14. Bisphenol A is one of the most harmful chemicals used to make plastic water bottles. Its levels increase when the water is stored in these bottles for a long period of time. Keeping health considerations in mind, Ketan ordered six glass water bottles and decided not to use plastic bottles in the future. On receiving the parcel, he found that two bottles were broken as the container or wrapper was not adequate to protect the bottles.

The product-related decision neglected by the marketer was :

(A) Branding (B) Packaging

(C) Labelling (D) Both (B) and (C)

**15.** कॉलम-II में दी गई अवधारणाओं का कॉलम-I में दिए गए उनके अर्थों से मिलान कीजिए।

| | *कॉलम-I* | | *कॉलम-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | यह वह क्रिया है जो व्यक्तियों को स्वेच्छा से सामूहिक उद्देश्यों के लिए प्रभावित करती है। | (i) | संप्रेषण |
| (b) | यह दो या अधिक व्यक्तियों के बीच भावों, विचारों, तथ्यों, अनुभवों, इत्यादि को आदान-प्रदान करने की प्रक्रिया है जिससे आपसी समझ उत्पन्न हो। | (ii) | नेतृत्व |
| (c) | निर्देशन व्यक्तियों को आदेश देने, मार्गदर्शन, परामर्श, अभिप्रेरण तथा नेतृत्व प्रदान करने की प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य संगठन के उद्देश्यों की प्राप्ति है। | (iii) | अभिप्रेरणा |
| (d) | यह वह प्रक्रिया है जो वांछित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए व्यक्तियों को कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। | (iv) | निर्देशन |

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)

(B) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)

(C) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

(D) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)

**16.** निम्नलिखित में से 'अंतरण' के संबंध में ***ग़लत*** कथन को पहचानिए :

(A) अंतरण एक अनिवार्य कार्य है क्योंकि कोई भी व्यक्ति सभी कार्यों का निष्पादन स्वयं नहीं कर सकता।

(B) इसका कार्यक्षेत्र संकीर्ण है क्योंकि यह उच्चाधिकारियों तथा उनके निकटतम अधीनस्थों तक सीमित होता है।

(C) यह कार्यों को साझा करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया है।

(D) यह संगठन में अधीनस्थों को अधिक स्वायत्तता देकर उनकी भूमिका को बढ़ाता है।

**17.** ______________ एक दलाल द्वारा निवेशक को व्यापार को क्रियान्वित करने के 24 घंटों के अंदर निर्गमित किया जाने वाला कानूनी रूप से लागू करने योग्य दस्तावेज़ है, जो निवेशक एवं दलाल के बीच विवादों/दावों का निपटारा करने में सहायता करता है।

(A) अनुबंध नोट (B) आदेश (ऑर्डर) पुष्टिकरण पर्ची

(C) अद्वितीय आदेश (ऑर्डर) कोड (D) ग्राहक पंजीकरण फॉर्म

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व निवेश-संबंधी निर्णय को प्रभावित ***नहीं*** करता ?

(A) निवेश कसौटी अंतर्भाविता (B) नियंत्रण प्रतिफल

(C) परियोजना का रोकड़ प्रवाह (D) आय (प्रतिफल) की दर

**15.** Match the concepts given in Column-II with their meanings given in Column-I.

| | *Column-I* | | *Column-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | It is the activity of influencing people to strive willingly for group objectives. | (i) | Communication |
| (b) | It is the process of exchange of ideas, views, facts, feelings, etc. between or among people to create a common understanding. | (ii) | Leadership |
| (c) | It is the process of instructing, guiding, counselling, motivating and leading people in the organization to achieve its objectives. | (iii) | Motivation |
| (d) | It is the process of stimulating people to action to accomplish desired goals. | (iv) | Directing |

Choose the correct option from the following :

(A) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)

(B) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)

(C) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

(D) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)

**16.** From the following, identify the ***incorrect*** statement with respect to 'Delegation' :

(A) Delegation is a compulsory act because no individual can perform all tasks on his own.

(B) It has a narrow scope as it is limited to the superior and his immediate subordinate.

(C) It is a process followed to share tasks.

(D) It increases the role of the subordinates in the organisation by giving them more autonomy.

**17.** __________ is a legally enforceable document issued by the broker to the investor within 24 hours of executing trade which helps to settle disputes/claims between the investor and the broker.

(A) Contract note (B) Order confirmation slip

(C) Unique order code (D) Client registration form

**18.** Which of the following is ***not*** a factor affecting investment decision ?

(A) Investment criteria involved (B) Control considerations

(C) Cash flows of the project (D) Rate of return

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**19.** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

*कथन I :* वित्तीय बाज़ार वित्तीय परिसंपत्तियों के सृजन एवं विनिमय के लिए एक बाज़ार है।

*कथन II :* "व्यापार किए गए वित्तीय साधनों की परिपक्वता" के आधार पर, वित्तीय बाज़ार को मुद्रा बाज़ार एवं पूँजी बाज़ार में वर्गीकृत किया गया है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है तथा कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है तथा कथन II सत्य है।

(C) कथन I तथा कथन II दोनों असत्य हैं।

(D) कथन I तथा कथन II दोनों सत्य हैं।

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सी 'स्थायी योजनाएँ' हैं ?

(i) बजट

(ii) नीति

(iii) कार्यक्रम

(iv) प्रक्रिया

(v) विधि

(vi) नियम

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) (ii), (iii), (v) और (vi)  (B) (ii), (iv), (v) और (vi)

(C) (iii), (iv), (v) और (vi)  (D) (i), (ii), (iii) और (iv)

**21.** 'चमन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड' एक कंपनी है जो संपूर्ण देश में दवाइयाँ प्रदान कर रही है। अपने आप को स्थापित करने और दवाइयों के क्षेत्र में अपना नाम कमाने के बाद, इसने चिकित्सीय उपकरणों, शिशु देखभाल उत्पादों तथा पोषण-संबंधी आहारों (न्युट्रिशनल सप्लीमेंट्स) के क्षेत्र में प्रवेश करने का निर्णय लिया। प्रत्येक उत्पाद श्रेणी के लिए एक अलग अध्यक्ष था जो लाभों, आगम तथा लागत के लिए जवाबदेह था। अपने उत्पाद के खराब निष्पादन के लिए अध्यक्ष ही उत्तरदायी थे। लेकिन विभिन्न उत्पाद श्रेणियों के अध्यक्ष भिन्न-भिन्न थे, अत: कोषों के आबंटन के संदर्भ में विभिन्न अध्यक्षों के बीच संघर्ष उत्पन्न हो सकता था। साथ ही प्रत्येक उत्पाद श्रेणी के लिए एक जैसे कार्यात्मक अध्यक्षों का अलग-अलग समूह प्रदान करने से व्यय भी बढ़ता है।

(i) 'चमन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड' द्वारा चिकित्सीय उपकरणों, शिशु देखभाल उत्पादों तथा पोषण-संबंधी आहारों (न्युट्रिशनल सप्लीमेंट्स) के क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद अपनाए गए संगठन ढाँचे के प्रकार को पहचानिए एवं समझाइए।

(ii) पंक्तियाँ उद्धृत करते हुए उपर्युक्त अनुच्छेद में चर्चित संगठनात्मक ढाँचे के किसी एक लाभ तथा किसी एक हानि का भी उल्लेख कीजिए। *3*

www.prepp.in

**19.** Read the following statements carefully :

*Statement I* : Financial market is the market for the creation and exchange of financial assets.

*Statement II* : On the basis of "maturity of financial instruments traded", financial market is classified into money market and capital market.

In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statement I and Statement II are false.

(D) Both Statement I and Statement II are true.

**20.** Which of the following are 'Standing Plans' ?

(i) Budgets

(ii) Policies

(iii) Programmes

(iv) Procedures

(v) Methods

(vi) Rules

Choose the correct alternative :

(A) (ii), (iii), (v) and (vi)  (B) (ii), (iv), (v) and (vi)

(C) (iii), (iv), (v) and (vi)  (D) (i), (ii), (iii) and (iv)

**21.** 'Chaman Pharmaceuticals Ltd.' is a company providing medicines all over the country. After establishing itself and making a name in the field of medicines, it decided to enter into the field of medical devices, baby care products and nutritional supplements. Each product category had a different head accountable for profits, revenues and costs. In case of poor performance of their product, the heads were held responsible. But as the heads of different product categories were different, conflict could arise among different heads with reference to allocation of funds. Also providing a separate set of similar functional heads for each product category increased expenditure.

(i) Identify and explain the type of organisation structure 'Chaman Pharmaceuticals Ltd.' had followed after entering into the field of medical devices, baby care products and nutritional supplements.

(ii) Also state any one advantage and any one disadvantage of the organizational structure discussed in the above para by quoting lines. *3*

22. (क) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के किन्हीं तीन 'सुरक्षात्मक कार्यों' का उल्लेख कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) 'पूँजी बाज़ार' का अर्थ दीजिए। निम्नलिखित के आधार पर 'पूँजी बाज़ार' और 'मुद्रा बाज़ार' में अन्तर्भेद कीजिए : *3*

(i) भागीदार

(ii) प्रलेख

23. 'रिफ्रेश ज़ोन' एक लोकप्रिय कॉफी हाउस श्रृंखला थी, जो आरामदायक वातावरण में प्रीमियम कॉफी तथा नाश्ता प्रदान करती थी। लेकिन, समय बीतने के साथ, कम्पनी बाज़ार में अपनी स्थिति को बनाए रखने के लिए चुनौतियों का सामना करने लगी। ग्राहकों ने विविधता की कमी के कारण शिकायत करना आरंभ कर दिया और यह उपभोक्ता की बदलती प्राथमिकताओं को पूरा करने में असफल रही। साथ ही 'रिफ्रेश ज़ोन' के कॉफी के मूल्य इसके प्रतिस्पर्धियों से काफ़ी अधिक थे। बहुत से ग्राहक यह अनुभव कर रहे थे कि कॉफी की गुणवत्ता इसके प्रीमियम मूल्य को उचित सिद्ध नहीं कर रही थी।

विपणन मिश्र के उन दो घटकों को पहचानिए एवं समझाइए जिन पर 'रिफ्रेश ज़ोन' के प्रबंधन को कार्य करने की आवश्यकता है। *3*

24. (क) तीन नेतृत्व शैलियों का उल्लेख कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) किन्हीं तीन वित्तीय प्रोत्साहनों का उल्लेख कीजिए जिन्हें लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। *3*

25. कपिला, 'क्रेसा इंजीनियरिंग सोल्यूशन्स' में कार्यरत है जो एक इंजीनियरिंग परामर्श फर्म है। विभिन्न प्रतिस्पर्धी फर्मों द्वारा बार-बार उच्च वेतन पैकेज का प्रलोभन प्राप्त होने के बाद भी कपिला ने 'क्रेसा इंजीनियरिंग सोल्यूशन्स' में ही रहने का चयन किया। वह अपने कार्य का आनंद लेती है क्योंकि उसके कार्य में विभिन्न प्रकार के कार्य अंश सम्मिलित हैं जिसमें उच्च स्तरीय ज्ञान तथा कौशल की आवश्यकता होती है और जो व्यक्तिगत विकास के सुअवसर प्रदान करते हैं। कंपनी के पास उपयुक्त कौशल विकास कार्यक्रम तथा एक ठोस पदोन्नति नीति है जिसके कारण कपिला को वर्ष प्रति वर्ष पदोन्नति मिल रही है। इतना ही नहीं, समय-समय पर प्रबंधन द्वारा कपिला के कार्य की प्रशंसा होती है। वह सदैव महत्त्वपूर्ण सुझाव देती है और इसके लिए पुरस्कृत भी की जाती है। इन सबके अतिरिक्त कंपनी संगठन में कर्मचारियों के स्थायित्व के लिए भी उपाय लागू करती है। इन सभी तत्त्वों ने कपिला को 'क्रेसा इंजीनियरिंग सोल्यूशन्स' में ही कार्यरत रहने के लिए अभिप्रेरित किया।

उपर्युक्त स्थिति में चर्चित चार ग़ैर-वित्तीय प्रोत्साहनों को पहचानिए एवं समझाइए। *4*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** (a) State any three 'Protective functions' of the Securities and Exchange Board of India. *3*

**OR**

(b) Give the meaning of 'Capital Market'. Differentiate between 'Capital Market' and 'Money Market' on the basis of the following : *3*

(i) Participants

(ii) Instruments

**23.** 'Refresh Zone' was a popular coffee house chain offering premium coffee and snacks in a cozy environment. However, over time, the company began to face challenges in maintaining its market position. Customers had started complaining about lack of variety failing to cater to evolving consumer preferences. Also the price of coffee in 'Refresh Zone' was significantly higher than its competitors. Many consumers felt that the quality of coffee was not justifying its premium pricing.

Identify and explain two components of marketing mix that the management of 'Refresh Zone' needs to work on. *3*

**24.** (a) State the three leadership styles. *3*

**OR**

(b) State any three financial incentives which may be used to motivate people. *3*

**25.** Kapila is working at 'Cresa Engineering Solutions', an engineering consultancy firm. Despite being frequently enticed by many competitive companies offering her a higher pay package, Kapila chooses to stay with 'Cresa Engineering Solutions'. She enjoys her work as her job is designed with greater variety of work content requiring higher level of knowledge and skill and provides the opportunity for personal growth. The company has appropriate skill development programmes and a sound promotion policy due to which Kapila has been getting promotions year after year. Not only this, Kapila's work is being appreciated by the management from time to time. She always gives valuable suggestions and is being rewarded for that also. Over and above, the company implements measures to ensure stability of the employees in the organisation. All these factors motivate Kapila to continue to work in 'Cresa Engineering Solutions'.

Identify and explain the four non-financial incentives discussed in the above case. *4*

**26.** 'पेस्टल', देश की बिस्कुट बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है, जो उपभोक्ता संतुष्टि पर अपना ध्यान केन्द्रित कर उच्च गुणवत्ता वाले बिस्कुट बनाती है। कंपनी यह समझने का प्रयास करती है कि लोगों को क्या चाहिए और स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक बिस्कुट उपलब्ध कराती है। गुणवत्ता को आश्वस्त करने के लिए, कंपनी द्वारा एक मजबूत नियंत्रण व्यवस्था स्थापित की गई है। यह कंपनी को अपने उद्देश्यों की ओर प्रगति को मापने एवं यदि कोई विचलन हैं, तो उसे प्रकाश में लाने में मदद करती है। यह प्रबंधन को सत्यापित करने में मदद भी करती है कि निर्धारित मानक सही एवं वस्तुनिष्ठ हैं या नहीं।

उपर्युक्त अनुच्छेद प्रबंध के नियंत्रण कार्य के महत्त्व पर प्रकाश डालता है।

उपर्युक्त में चर्चित नियंत्रण कार्य के महत्त्व के किन्हीं दो बिन्दुओं को पहचानिए एवं समझाइए। *4*

**27.** (क) समन्वय की निम्नलिखित विशेषताओं को समझाइए : *4*

(i) समन्वय एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

(ii) समन्वय सर्वव्यापी कार्य है।

**अथवा**

(ख) प्रबंध की निम्नलिखित विशेषताओं को समझाइए : *4*

(i) प्रबंध एक गतिशील कार्य है।

(ii) प्रबंध एक सामूहिक क्रिया है।

**28.** 'ग्लोबल फूड्स लिमिटेड', खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है और इसका एक अच्छा ग्राहक आधार है। हाल ही में इसने नए अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ार में विस्तार किया है। लेकिन स्वास्थ्य देखभाल के प्रति बढ़ती हुई जागरूकता के कारण उपभोक्ताओं की माँग से स्वस्थ खाद्य विकल्पों के प्रति बदलाव आ रहा है। इस कारण कंपनी को उत्पादन प्रक्रियाओं में बार-बार होने वाली तकनीकी प्रगति को अनुकूल बनाने की आवश्यकता है ताकि बाज़ार में स्वस्थ खाद्य उत्पाद विकल्पों को उपलब्ध कराया जा सके। इसके अतिरिक्त कंपनी वैश्विक स्तर पर वस्तुओं की कीमतों, विनिमय दरों तथा राजनीतिक परिस्थितियों में उतार-चढ़ाव से भी चिंतित है। 'ग्लोबल फूड्स लिमिटेड' को बाज़ार की निरंतर बदलती हुई प्रकृति के कारण भविष्य के परिणामों की भविष्यवाणी करने में और अधिक कठिनाई हो रही है। इन महत्त्वपूर्ण बदलावों का प्रभावपूर्ण ढंग से सामना करने के लिए प्रबंधकों को पर्यावरण को समझकर एवं उसकी जाँच कर उपयुक्त कार्यवाही विकसित करनी होगी। पर्यावरण की निरंतर निगरानी करके और उपयुक्त व्यावसायिक प्रथाओं को अपनाकर कंपनी न केवल अपने वर्तमान निष्पादन में सुधार करेगी अपितु अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए लंबे समय तक इसे जारी रखेगी।

उपर्युक्त अनुच्छेद में चर्चित व्यावसायिक पर्यावरण की दो विशेषताओं तथा महत्त्व के दो बिंदुओं को पहचानिए एवं समझाइए। *4*

**26.** 'Pestle', is the country's largest biscuit manufacturing company, that makes high quality biscuits with focus on customer satisfaction. The company strives to understand what people want and provides tasty and healthy biscuits. To ensure the quality, a robust control system has been installed by the company. This helps the organisation to measure progress towards its goals and brings to light the deviations, if any. It also enables the management to verify whether the standards set are accurate and objective or not.

The above para highlights the importance of the Controlling function of management.

Identify and explain any two points of importance of the Controlling function discussed above. *4*

**27.** (a) Explain the following features of Coordination : *4*

(i) Coordination is a continuous process.

(ii) Coordination is an all-pervasive function.

**OR**

(b) Explain the following characteristics of Management : *4*

(i) Management is a dynamic function.

(ii) Management is a group activity.

**28.** 'Global Foods Ltd.', a multinational company in the food processing industry, has a good customer base. Recently it has expanded into new international markets. But due to increased awareness for health care, there is a shift in consumer demand for healthier food options. For this reason, the company needs to adapt to frequent technological advancements in production processes so that healthy food product options can be made available in the market. Additionally, the company is concerned about fluctuations at global level in commodity prices, exchange rates and political conditions. 'Global Foods Ltd.' is finding it increasingly difficult to predict future outcomes due to the constantly changing nature of the market. In order to effectively cope up with these significant changes, managers have to understand and examine the environment to develop suitable courses of action. By continuously monitoring the environment and adopting suitable business practices, the company will not only improve its present performance but also continue with it for a long period in achieving its objectives.

Identify and explain two features and two points of importance of business environment discussed in the above para. *4*

**29.** व्यवसाय के दृष्टिकोण से उपभोक्ता संरक्षण के महत्त्व के किन्हीं दो बिन्दुओं को समझाइए। *4*

**30.** (क) विपणन की निम्नलिखित विशेषताओं को समझाइए : *4*

(i) आवश्यकता एवं इच्छा

(ii) बाज़ार प्रस्ताव (उत्पाद) का सृजन

**अथवा**

(ख) प्रवर्तन मिश्र के निम्नलिखित तत्त्वों को समझाइए : *4*

(i) विक्रय प्रवर्तन

(ii) वैयक्तिक विक्रय

**31.** एक कंपनी 'एसके एनर्जी लिमिटेड' देश के कुछ राज्यों में सौर ऊर्जा समाधान प्रदान कर रही है। अब वह कुछ अन्य राज्यों में भी अपने प्रचालनों का विस्तार करना चाहती है। इसे अपने विस्तार के लिए ₹ 30,00,000 की आवश्यकता है। इसके लिए मुख्य वित्तीय अधिकारी ने दो विकल्पों का सुझाव दिया है।

*विकल्प I* : संपूर्ण कोषों को ₹ 10 प्रत्येक के अंशों के निर्गमन द्वारा एकत्रित करना।

*विकल्प II* : ₹ 10,00,000 को ₹ 10 प्रत्येक के अंशों के निर्गमन द्वारा एकत्रित करना तथा ₹ 20,00,000 को 10% वार्षिक दर से ऋण द्वारा एकत्रित करके।

फर्म का निवेश पर प्रत्याय (प्रतिफल) 12% है तथा कर दर 30% है।

(i) दोनों विकल्पों में से कौन-सा विकल्प अंशधारियों की धनसंपदा को अधिकतम करेगा ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।

(ii) यदि कंपनी का निवेश पर प्रत्याय 8% हो, तो क्या प्रति अंश अर्जन में सुधार होगा ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए। अपने कार्य को स्पष्टता से दर्शाइए। *6*

**32.** (क) नियोजन की निम्नलिखित विशेषताओं को समझाइए : *6*

(i) नियोजन एक मानसिक अभ्यास (क्रिया) है।

(ii) नियोजन अविरत है।

(iii) नियोजन भविष्यवादी है।

(iv) नियोजन में निर्णय रचना निहित है।

**अथवा**

(ख) प्रबंध के संगठन कार्य के महत्त्व के किन्हीं चार बिंदुओं को समझाइए। *6*

**33.** (क) संप्रेषण की किन्हीं चार मनोवैज्ञानिक बाधाओं को समझाइए। *6*

**अथवा**

(ख) नियुक्तिकरण प्रक्रिया के निम्नलिखित चरणों को समझाइए : *6*

(i) मानव-शक्ति आवश्यकताओं का आकलन

(ii) भर्ती

(iii) निष्पादन मूल्यांकन

**29.** Explain any two points of importance of consumer protection from the point of view of business. *4*

**30.** (a) Explain the following features of Marketing : *4*

(i) Needs and wants

(ii) Creating a market offering

**OR**

(b) Explain the following elements of Promotion Mix : *4*

(i) Sales Promotion

(ii) Personal Selling

**31.** A company, 'SK Energy Ltd.' is providing solar energy solutions in some states of the country. Now it wants to expand its operations in some other states also. It needs ₹ 30,00,000 for its expansion. The Chief Financial Officer suggested two options for this.

*Option I :* To raise the entire funds through issue of shares of ₹ 10 each.

*Option II :* To raise ₹ 10,00,000 through issue of shares of ₹ 10 each and ₹ 20,00,000 by raising debt @ 10% p.a.

The return on investment of the firm is 12% and tax rate is 30%.

(i) Which of the two options will maximise shareholders' wealth ? Give reason in support of your answer.

(ii) Will the earning per share improve if return on investment of the company is 8% ? Give reason in support of your answer. Show your working clearly. *6*

**32.** (a) Explain the following features of planning : *6*

(i) Planning is a mental exercise.

(ii) Planning is continuous.

(iii) Planning is futuristic.

(iv) Planning involves decision-making.

**OR**

(b) Explain any four points of importance of Organising function of management. *6*

**33.** (a) Explain any four psychological barriers to communication. *6*

**OR**

(b) Explain the following steps in the process of staffing : *6*

(i) Estimating the Manpower Requirements

(ii) Recruitment

(iii) Performance Appraisal

**34.** 'मारूत एंटरप्राइज़ेज' कपड़े धोने की (वॉशिंग) मशीन बनाने वाली एक बड़ी कंपनी है। पिछले कुछ महीनों से, कर्मचारी समस्त कार्य वातावरण से असंतुष्टि की सूचना दे रहे थे जिसके कारण उत्पादकता में कमी हो रही थी। प्रबंधन ने यह अनुभव किया कि वहाँ विभिन्न विभागों के बीच कोई समन्वय नहीं है। एक ओर उत्पादन प्रबंधक अपने कामगारों को लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य की गति को तेज़ करने के लिए निर्देश दे रहा है जबकि दूसरी ओर विक्रय प्रबंधक भी उत्पादन विभाग के कामगारों को उत्पादन की गति धीमी करने का निर्देश दे रहा है क्योंकि विक्रय गति नहीं पकड़ पा रही है। कंपनी के प्रबंधन ने यह भी देखा कि विभिन्न स्तरों के अध्यक्षों एवं अधीनस्थों के बीच उचित संप्रेषण की कमी है। यहाँ तक कि आकस्मिक स्थिति में एक कर्मचारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी से प्रत्यक्ष रूप से संपर्क करने की स्थिति में नहीं होता जो उत्पादकता एवं कार्यशक्ति के मनोबल को प्रभावित कर रही है। प्रबंधन को एक सकारात्मक वातावरण को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता अनुभव हुई जो कर्मचारियों के मध्य एकता एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा दे सकें।

हेनरी फेयोल द्वारा दिए गए प्रबंध के उन तीन सिद्धांतों को पहचानिए एवं समझाइए जो कंपनी द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों का समाधान करने में सहायता कर सकते हैं। *6*

www.prepp.in

**34.** 'Marut Enterprises' is a large company manufacturing washing machines. From the last few months, employees have been reporting dissatisfaction with the overall work environment which has led to a decline in productivity. The management realized that there is no coordination between various departments. On one hand, the Production Manager is giving instructions to the workers to speed up the work to achieve the targets whereas on the other hand, the Sales Manager is also giving instructions to the workers of the production department to slow down the production as sales are not picking up. It was also observed by the company's management that there is a lack of proper communication among different levels of superiors and subordinates. Even in case of emergencies, a worker is not in a position to contact the Chief Executive Officer directly, which is affecting the productivity and the morale of the workforce. The management felt a need to foster a positive environment which may promote team spirit of unity and harmony among the employees.

Identify and explain the three principles of management given by Henri Fayol which can help in addressing the challenges faced by the company. *6*